राज्यसभा

अतारांकित प्रश्नी संख्या् 1257

04 मई, 2016 को उत्त्र के लिए

इस्पात क्षेत्र के पुनरुद्धार में सहायता हेतु वित्तीय पैकेज

1257. श्री ए. विलियम रबि बर्नार्ड:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस्पात क्षेत्र के पुनरुद्धार में सहायता करने के लिए और इस्पात फर्मों को दिए गए बैंक ऋणों को अशोध्य ऋण में परिवर्तित होने से बचाने के लिए एक वितीय पैकेज तैयार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय इस पैकेज के संबंध में वित्त मंत्रालय के साथ काम कर रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने सड़क और विद्युत क्षेत्रों में किए गए इसी प्रकार के प्रयासों के बाद यह कदम उठाया है और बैंकिंग प्रणाली पर अप्रयोज्य आस्तियों के बहुत अधिक दबाव होने के बावजूद यह कदम उठाया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तङर

इस्पा त और खान राज्या मंत्री (श्री विष्णुं देव साय)

(क) से (ङ): इस्पात क्षेत्र की सहायता हेतु एक उपयुक्त व्यापक पैकेज तैयार करने के लिए भारतीय इस्पात संघों और इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स ने इस्पात मंत्रालय को अभ्यावेदन भेजे हैं। उनके अभ्यावेदन वित्तीय सेवाएं विभाग को अग्रेषित कर दिए गए हैं।

***